ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

अधिकतम :27°C
न्यूनतम: 13°C

मेरठ, रविवार 22 फरवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 263 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper





मेरठ की भर दी झोली,
दे दी देश की रैपिड रेल पहली

प्रयाग की दूरी हुई समाप्त, पूरब पश्चिम एक समान,
गंगा एक्सप्रैस वे है तैयार, 6 घंटे में करें संगम स्नान


युवक-युवती खेल रहे ओलम्पियाड,
खेल विश्वविद्यालय की दे दी सौगात

मेरठ की चाल को दी रफ्तार,
मेरठ-देहली एक्सप्रैस वे 1 घंटे में देहली के द्वार

मेरठ को प्रधानमंत्री जी का उपहार, तेज सफर आसान व्यापार
मेरठ की प्रगति को मिला नमो भारत का आधार

मा० श्री नरेन्द्र मोदी जी
एवं योगी आदित्यनाथ जी का

बहुत बहुत
आभार!



अमित अग्रवाल

विधायक, मेरठ कैन्ट
प्रदेश संयोजक, स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ
भारतीय जनता पार्टी, उ०प्र०

प्रधानमंत्री आगमन

# सीएम योगी ने तैयारियों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। आज मोहिउद्दीनपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों द्वारा देश की प्रथम रीजनल रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) 'नमो भारत' ट्रेन के द्वितीय चरण का लोकार्पण किया जाएगा। यह ऐतिहासिक अवसर सम्पूर्ण मेरठ एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए विकास के एक नए युग का शुभारंभ है। यह परियोजना केवल तीव्र यातायात सुविधा का विस्तार नहीं, बल्कि नए भारत की नई गति, नई शक्ति और नई सोच का सशक्त प्रतीक है। लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों के क्रम में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया तथा मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ शताब्दीनगर एवं मेरठ साउथ आरआरटीएस स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इसके उपरांत प्रस्तावित जनसभा स्थल पर आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, सुरक्षा प्रबंध, यातायात व्यवस्था, जनसंपर्क अभियान एवं संगठनात्मक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों एवं पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। आज होने वाली प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। प्रत्येक बूथ, प्रत्येक मंडल एवं प्रत्येक कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण के साथ कार्यक्रम की सफलता के लिए सक्रिय है। यह जनसभा विकास, सुशासन एवं राष्ट्रहित के प्रति दृढ़ संकल्प का विराट प्रदर्शन होगी।

क्रांतिधरा से एक बार पुनः विकास और विश्वास का संदेश पूरे देश में प्रसारित होगा। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मेरठ आधुनिक आधारभूत संरचना, तीव्र यातायात सुविधा और समृद्ध भविष्य की दिशा में निरंतर अग्रसर है। इस मौके पर आम जनता से अपील की गई है कि आज होने वाली जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे ऐतिहासिक क्षण दें। इस दौरान महापौर अहलूवालिया राज्य मंत्री दिनेश खटीक, राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज , एमएलसी अश्वनी त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।





तैयारियों का जायजा लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्र को समर्पित करेंगे नमो भारत कॉरिडोर

## सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन के माध्यम से हर गतिविधि पर रहेगी नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेरठ आगमन से पहले उनके कार्यक्रम की तैयारी युद्धस्तर पर की जा रही हैं, जिनकी सुरक्षा के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा जमीन से लेकर आसमान तक इतने पुख्ता इंतजाम किए गए हैं कि परिंदा भी पर ना मार सके। सीसीटीवी कैमरा के अलावा ड्रोन कैमरा से पल-पल की निगरानी की जा रही है। पीएम मोदी रविवार यानी आज मेरठ का दौरा करेंगे जो कि दोपहर करीब 12:30 बजे शताब्दी नगर एक्सटेंशन पर नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और मेरठ साउथ रेलवे स्टेशन तक मेट्रो से यात्रा करेंगे जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब 12,930 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के



बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। वह भारत की पहली नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रॉसिट सिस्टम (आरआरटीएस) के शेष खंडों का भी उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री मेरठ साउथ से मोदीपुरम के बीच मेरठ मेट्रो सेवा का भी उद्घाटन करेंगे, जो नमो भारत के ही बुनियादी ढांचे पर संचा. लित होगी। यह देश में अपनी तरह की पहली पहल है। जिनमें दिल्ली के सराय काले खां से न्यू अशोक नगर के बीच 5 किमी और उतर प्रदेश में मेरठ सारथ से मोदीपुरम के बीच 21 किमी का खंड शामिल है। 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के साथ नमो भारत देश की पहली क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली है। इसके जरिए साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर मेरठ जैसे प्रमुख शहरी केंद्र दिल्ली से पहले के मुकाबले अधिक तेजी से जुड़ पाएंगे। मेस्ट मेड़ी भारत की सबसे तेज मेट्रो प्रणाली होगी, जिसकी अधिकतम परिचालन गति करीब 120 किमी प्रति घंटा होगी और यह पूरी दूरी को निर्धारित पड़ावों सहित लगभग 30 मिनट में तय करेगी।

बता दें कि नमो भारत और मेरठ मेट्रो का एकीकृत संचालन अंतर शहरी तेज मात्रा और शहर के भीतर सुगम आवागमन सुनिश्चित करेगा। इससे सड़क यातायात में भीड़ घटेगी और वाहनों से होने वाले कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी।


# धरती का सीना चीर रहे खनन माफिया, पुलिस की मिलीभगत से रातभर चलता अवैध खनन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र के पांचली बुजुर्ग गांव में अवैध खनन का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफिया रात के अंधेरे में डंपरों के माध्यम से खेतो से मिट्टी का अवैध दोहन कर रहे हैं, जबकि स्थानीय पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार, देर रात से लेकर तड़के सुबह तक भारी-भरकम डंपर गांव की सड़कों से गुजरते हैं। इससे जहां एक ओर सड़कों की हालत खराब हो रही है, वहीं दूसरी ओर आए दिन जाम की स्थिति भी बन जाती है। रात के समय आम राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामवासियों का कहना है कि कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को मौखिक शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। आरोप है कि पुलिस ओर लेखपाल की कथित मिलीभगत के चलते खनन माफिया बेखौफ होकर धरती का सीना चीर रहे हैं। स्थानीय लोगों में इस मुद्दे को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र ही अवैध खनन पर रोक नहीं लगाई गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और संबंधित विभागीय अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है और अवैध खनन पर कब तक लगाम लग पाती है।



अंतरराष्ट्रीय मास्टर टेनिस टूर्नामेंट

# कड़े मुकाबले के बीच दूसरा दिन संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अलेक्जेंडर क्लब व विक्टोरिया पार्क में चल रहे अंत. रराष्ट्रीय मास्टर टेनिस टूर्नामेंट में शनिवार को बहुत ही रोमांचक मुकाबले हुए जिसमें सभी वर्ग के खिलाड़ियों ने बहुत अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। दर्शकों ने भी सभी मैचों का भरपूर आनंद लिया।

शनिवार को सिंगल्स मुकाबले में अजीत पेड़कर ने रामकृष्ण सुधागनी को 6-0 6-0 से, धावेल पटेल ने दर्शन लाल मारिया को 6-0 6-2 से, मणि मोहन नेहरू ने पवन जैन को 5-0 से, दिलीप सिंह ने कर्नल दलाल को 6-2 7-6 से, गंगाधरन ने राजेंद्र प्रसाद को 6-1 6-3 से अशोक रे ने राकेश कोहली को 7 6 3 0 से दीपांकर चक्रवर्ती ने शिबू मैथु को 6-0 7-5 से, टाटावर्ती ने राकेश भंडारी को 6-1 6-1 से ताहिर अली ने अशोक जिंदल को 6-3 6-2 से, अजीत भारद्वाज ने मंजीत ढिल्लो को 6-0 6-1 से, नरेंद्र जेनवेजा ने सीताराम को 6-2 6-2 से, राय एडवर्ड ने योगेश शाह को 7-5 7-5 से, चटवाल ने भाग सिंह नेगी को 6-0 6-1 से, प्रमोद दीक्षित ने देवेंद्र सिंह रावत को 6-4 6-4 से, तुलसीराम ने प्रदीप शर्मा को 6-0 6-0 से, डॉ. एस. रंधावा ने प्रदीप कुमार गुप्ता को 6-0 6-0 से, ओपी दीक्षित ने आशु को 6-4 6-0 से, हराकर अपने मुकाबले जीते और डबल्स में कर्नल राकेश भंडारी व उनके पार्टनर नरेंद्र जन्वेजा ने प्रमोद कुमार अग्निहोत्री व सीताराम को 6-2 6-2 से हराकर अपने मैच जीते, 35 आयु वर्ग में जोसेफ ने अक्षय को 6-0, 6-2 से भावेश गौड़ ने दयाल प्रसाद को 6-0, 6-0 से, 35 आयु वर्ग में अजय ने हफिज बैग को 6-3, 6-1 से 45 वर्ग में नरेन्द्र चौधरी ने सुजीत सिंह को 6-1, 6-0 से 40 वर्ग में पुनर ने आदित्य चौबे को 6-0, 6-0 से पराजित किया।




## कार्यालय ग्राम पंचायत दुल्हैड़ा चौहान विकास खण्ड दौराला, मेरठ।

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं./पं.उ.भ.नि./2025-26 — दिनांक: 21.02.2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद द्वारा समस्त नियमानुसार निम्नलिखित कार्य को करने में सक्षम पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि दुल्हैड़ा चौहान में पंचायत उत्सव भवन निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि से कार्य कराया जाना है, जिसके लिए निविदा प्रणाली के अन्तर्गत दिनांक 23.02.2026 से दिनांक 05.03.2026 तक निविदा आमंत्रित की जा रही है। आमंत्रित निविदा दिनांक 06.03.2026 को निविदा समिति एवं अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र नकद मूल्य देकर ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में नियमानुसार प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कराये जाने वाले कार्य का नाम | कार्य की स्वीकृत धनराशि | 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दुल्हैड़ा चौहान में पंचायत उत्सव भवन का निर्माण | 141.03 | 282060 | 2714 | 06 माह |

**सचिव** ग्रा.पं.-दुल्हैड़ा चौहान वि.ख.-दौराला — **प्रधान** ग्रा.पं.-दुल्हैड़ा चौहान वि.ख.-दौराला

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा (मेरठ)

पत्र संख्या 4783/लेखा/रा0वि0/के0वि0/क्षेत्र पं0 निधि/वि0नि0/2025-26 — दिनांक 21 फरवरी, 2026

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा–जनपद मेरठ के द्वारा पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त से निम्न निर्माण कार्य के लिए सील बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदायें खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा के कार्यालय दिनांक 22-02-2026 से दिनांक 06-03-2026 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक क्रय की जा सकती है तथा खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा के कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में दिनांक 06-03-2026 अपरान्ह 2:00 बजे तक डाली जायेगी और उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे सम्बन्धित ठेकेदारों के सम्मुख (यदि कोई उपस्थित हुए) खोली जायेगी। सशर्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। कोई भी निविदा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा। कार्य सम्बन्धी एवं अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की सकती है।

| क्रमांक | मद | कार्य का नाम | कार्य की लम्बाई (मी0 में) | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर राशि 10 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित व स्टेशनरी 500रू0 प्रति (रूपयों में ) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम दतावली मे बिजली घर के तालाब वाले तालाब पर विभिन्न निर्माण कार्य | 01N | 9.90 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 02 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम किनानगर हरिजन वाले तालाब पर विभिन्न निर्माण कार्य | 01N | 1.50 | 15000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 03 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम सिसौली मे संजय प्रधान के मकान से शिवमन्दिर की ओर अवशेष नाले का निर्माण कार्य। | 30 M | 9.85 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 04 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम गावडी मे साबूद्दीन के मकान से मैन रोड की ओर सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 100 | 9.95 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 05 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम पटगांव पटटी सांवल मे राजू के मकान सतपाल के मकान के आगे हरवीर के मकान तक अवशेष नाली निम्रण कार्य। | 50M | 9.75 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 06 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम पटगांव पटटी सांवल मे प्रा0व जूनियर हाई स्कूल में कमरो मे फलोर पर टाईल्स का निर्माण व अन्य निर्माण कार्य। | 01 N | 9.86 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 07 | रा0वि0/के0वि0 | विकास खण्ड रजपुरा परिसर मे पीएमएवाई मॉडल आवास अवशेष व सामने सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 01 NO | 9.98 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 08 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम छिलोरा का माजरा इस्लामाबाद मे टयूबैल तक नाला निर्माण कार्य | 200M | 9.75 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 09 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम दतावली मे राहुल चौहान की फैक्टरी तालाब की ओर नाला निर्माण कार्य। | 100M | 9.91 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 10 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम सावल मे मुख्य मार्ग से सतपाल के मकान तक सी0सी0 रोड/इन्टरलाकिग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य | 100M | 9.95 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 11 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम सावल मे मुख्य मार्ग से मेहर सिंह के मकान तक सी0सी0 रोड/इन्टरलाकिग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य | 100M | 9.92 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 12 | रा0वि0के0/वि0 | ग्राम सावल मे मुख्य मार्ग दयाराम उपाध्याय के मकान से सुभाष गौड के मकान तक सी0सी0 रोड सडक का निर्माण कार्य | 100 | 9.98 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 13 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम कमालपुर मे बडे पंडित जी के मकान से मनोज सैनी के मकान सी0सी0 रोड को निर्माण कार्य। | 50M | 6.00 | 60000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 14 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम छिलोरा मे प्रा0पा0 मे अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 01 NO | 8.98 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 15 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम नंगला शेखू मे चन्द्रपाल प्लाट से विनोद पाल के मकान तक सी0सी0 रोड | 50M | 3.50 | 35000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 16 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम राली चौहान मे देशराज की फैक्टरी से नीरज के प्लाट तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 105M | 9.91 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 17 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम राली चौहान मे नीरज की फैक्टरी से सरकारी तालाब तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 104M | 9.98 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 18 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम सावंल मे किनानगर मार्ग से हरीश के खेत तक डेन्स का कार्य। | 150M | 9.83 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 19 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम खोन्जापुर मे ओमप्रकाश के मकान कमलसिंह के मकान तक व महकार के मकान से कृपाल सिंह के मकान तक सी0सी0रोड/इन्टरलाकिग टाईल्स | 150M | 9.78 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 20 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम समयपुर मे शिवमन्दिर के पास पैठ बाजार मे टीन शैड स्थल की स्थापना | 01 NO | 3.98 | 40000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 21 | रा0वि0/के0वि0 | विकास खण्ड रजपुरा मे पंचायत उद्योग के बराबर मे टीन शैड स्थल की स्थापना | 01 NO | 9.90 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 22 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम मामेपुर मे महावीर की दुकान से कृपाल सिंह चौहान के मकान तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 60M | 9.30 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 23 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम हसनपुर कदीम मे शमशान स्थल पर शैड का निर्माण व अन्य कार्य। | 01 NO | 4.50 | 45000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 24 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम कमालपुर मे अगनू के मकान तेजपाल के मकान तक सी0सी0 रोड/इन्टरलाकिग कार्य। | 100M | 9.31 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 25 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम सैनी मे पंकज के खेत से गजेसिंह के मकान तक सी0सी0 रोड | 40M | 6.50 | 65000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 26 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम छिलौरा मे शिवमन्दिर से बिजेन्द्र सैनी के मकान तक सी0सी0 रोड/इनटरलाकिग कार्य। | 100M | 9.98 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 27 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम नंगलामल मे अबदुल हसन से उमर मौ0 के मकान तक सी0सी0 रोड। | 100M | 9.99 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 28 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम दतावली गेसूपुर मे मुख्य मार्ग से काली चरण के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण | 50M | 3.50 | 35000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 29 | रा0वि0/के0वि0 | ग्राम सिसोली मे संजय प्रधान के मकान से शिव मन्दिर की ओर आर सी0सी0 नाले का निर्माण | 70M | 9.95 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 30 | वि0नि0 | नंगला शेखू मे मौ0 शाहिद आबिद हनीफ वाली गली मे सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य | 109M | 4.00 | 40000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 31 | वि0नि0 | ग्राम कस्तला शमशेरनगर मे नरेन्द्र के मकान से पप्पू के मकान तक खण्डजा निर्माण | 170M | 3.28 | 30000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 32 | वि0नि0 | ग्राम किनानगर मे शमशान शैड का निर्माण कार्य | 01 | 8.50 | 85000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 33 | वि0नि0 | ग्राम स्याल मे सुन्दर सुखवीर के मकान से सुशील के मकान की ओर सी0सी0रोड निर्माण | 100M | 9.98 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 34 | वि0नि0 | ग्राम पंचपेडा मे इरफान के गोदाम से फरमान के मकान की ओर सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य | 100M | 9.91 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 35 | वि0नि0 | ग्राम साधारणपुर मे सेठी के मकान से पानी की टंकी की ओर इन्टरलाकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 80M | 9.90 | 100000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 36 | वि0नि0 | हसनपुर कदीम मे शिवकरण के प्लाट से जगदीश के मकान तक इन्टरलाकिग टाईल्स निर्माण कार्य। | 50M | 5.31 | 50000 | 500+90+500 | 3 माह |
| 37 | वि0नि0 | ग्राम कस्तला मे शमशेर नगर में मुंशी कवंरपाल के मकान से मोहनराम मन्दिर की ओर आर सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 140M | 5.28 | 50000 | 500+90+500 | 3 माह |

**(रविन्द्र कुमार)** अवर अभियन्ता रजपुरा–मेरठ। — **(मनोज कुमार भारद्वाज)** खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा–मेरठ।

